B.A. (CBCS Pattern) Semester-I

# BA12B-3 - Hindi Literature

P. Pages : 2 **GUG/S/25/10012**

Time : Three Hours Max. Marks : 80

---

सुचनाएँ :- 1. सभी प्रश्न अनिवार्य है।

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों में से **किसी एक** ही प्रश्न का उत्तर लिखिए। **20**

अ) 'एक और द्रोणाचार्य' नाटक के आधार पर प्रो अरविंद का चरित्र चित्रण कीजिए।

**अथवा**

आ) 'एक और द्रोणाचार्य' एकांकी का कथानक लिखिए।

**2.** निम्नलिखित समूहों में से **किसी एक** ही समूह के सभी अवतरणों की ससंदर्भ व्याख्या कीजिए। **20**

1) सारी जिंदगी तो इसके नखरे उठाती रही। इसकी आदर्शवादी बेवकूफियों की पूजा करती रहीं अब क्यों भडक रही हो?

2) तो कौन समझा सकता है? देखो न, सब कुछ ठिक चल रहा था। प्रसिडेन्ट साहब खुश थे। सबको तनखाह मिल रही थी। डी. ए. भी देने का सोच रहे थे, पर अरविन्द ने नाहक मुसिबत खडी कर दी। इन्हे ही कहते है बुरे दिन। क्या समझी?

3) क्या वे मनुष्य नहीं हैं? पर क्या कर सकते हैं? प्रेसिडेंट से कैसे टकराएँगे? उनका कहना है, ऐसे मामलों में लोगों की कल्पना शक्ति बडी उपजाऊ होती है। बलात्कार की कोशिश बढ़ती-बढ़ती गर्भपात तक जा पहुँचेगी।

4) ठिक किया तुमने। मै इसी का पात्र था। सत्य और न्याय का पक्ष जानते हुए भी मैं उसके विरोध में लड़ा। अपने ही शिष्यों के विरूद्ध, राजकीय अन्न की दासता-समझौते का चरित्र। ठीक किया तुमने। इस समय तुम्हारा झूठ बोलना ही धर्म है।

**अथवा**

**समूह – ब**

5) दूसरों के लिए यह सवाल छोटा हो सकता है, यदू पर हमारे लिए तो यह जीवन-मरण का सवाल है। प्रोफेशनल एथिक्स का सवाल है।

6) नो, सर! वैसी बात नहीं है। लेकिन आप पर दबाव डाला जाएंगा। आपको धमकाया जाएगा। नौकरी से हटाने की धमकी दी जाएगी। जान से मारने का डर भी दिखाया जाए तो कोई अचरज नहीं।

7) उस लड़की को समझाओं। उससे कहो बात फैलेगी तो बदनामी भी उसकी ही होगी। चुप बैठना ज्यादा अच्छा हो अगर समझाने से काम चल जाता है तो बवाल मचाने से फायदा?

8) हाँ यहाँ युद्ध में। जहॉ सब कुछ सत्य है और कुछ झूठा मुझे गुरू-दक्षिणा के रूप में बताओ कि कौन मारा गया – अश्वत्थामा नाम का हाथी या मेरा पुत्र? नर या कुंजर?

**3.** निम्नलिखित प्रश्नों में से **किसी तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **15**

1) उपन्यास के तत्व लिखिए।

2) नाटक एवं एकांकी में अंतर स्पष्ट कीजिए।

3) गीतिकाव्य का आशय स्पष्ट कीजिए।

4) कहानी के तत्व लिखिए।

**4.** निम्नलिखित प्रश्नों में से **किसी तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **15**

1) मीराबाई का जीवन-परिचय लिखिए।

2) मुशी प्रेमचंद का जीवित परिचय दीजिए।

3) अमृता प्रितम का साहित्यिक योगदान बतलाइए।

4) राजकुमार वर्मा का संक्षिप्त जीवन परिचय लिखिए।

**5.** निम्नलिखित सभी प्रश्नों के अति-संक्षिप्त उत्तर लिखिए। **10**

1) एकलव्य का अंगूठा क्यों और किसने माँगा?

2) अरविन्द ने नकल करते किसे पकड़ा था?

3) द्रोपदी किसकी पुत्री थी?

4) कन्हैयालाल मिश्र प्रभाकर की कोई दो रचनाओं के नाम लिखिए।

5) पांडवों के नाम लिखिए।

***********